निनाद ललित कला समिति
छिन्दवाडा

अध्यक्ष–आनंद बक्षी

दैनिक भास्कर

गीत गजल संध्या 28 को

गजल सम्राट अश्वनी कुमार देंगे प्रस्तुति

भास्कर न्यूज | छिंदवाड़ा

निनाद ललित कला समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार गीत गजल संध्या 28 जनवरी शुक्रवार को रात्रि 9 बजे से स्थानीय लालबहादुर शास्त्री स्कूल स्टेडियम के सामने आयोजित की गई है। कार्यक्रम में हिन्दुस्तान के मशहूर गजल गायक अश्वनी कुमार अपनी प्रस्तुति देंगे। उनके साथ एसआर शिवलीकर सितार, इकबाल अहमद गिटार तथा तबला संगत सतीश मिश्रा करेंगे। यह उल्लेखनीय है कि यह आयोजन का 13वां वर्ष है। समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि इस अवसर पर छिंदवाड़ा की माटी को अपनी कृतित्व शक्ति से गौरवान्वित करने वाली विभूतियों का सम्मान होगा तथा स्व. नजीरुद्दीन चचा की की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जावेगा।

विभूतियां होगी सम्मानित

नवीन दूगड़ को कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जावेगा। नवीन दूगड़ कैंसर (कर्क रोग) का पिछले लंबे समय से सफलतापूर्वक उपचार कर रहे है। विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. मेजर राकेश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिनिधित्व तथा वैज्ञानिक साहित्य में उल्लेखनीय लेखों के लिए सम्मानित किया जावेगा। चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉ. आरएच बग्गा को उनकी चिकित्सीय सेवाएं, रोटरी क्लब के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन हेतु सम्मानित किया जावेगा। महिला जागृति एवं समाजसेवा क्षेत्र कार्यरत् विस्मिता शाह को उनके महिला उत्थान कार्यक्रम के लिए सम्मानित किया जावेगा। उर्दू साहित्य के मशहूर शायर मोहम्मद युनूस को गजल लेखन एवं धार्मिक उर्दू शायरी नात, हम्द तथा मुशायरों में शिरकत कर अपनी शायरी से उर्दू अदब की सेवा के लिए सम्मानित किया जावेगा।स्व. नजीरुद्दीन चचा की स्मृति में बाल प्रतिभा सम्मान तरंग सिंह परिहार को मार्शल आर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक तथा प्रादेशिक स्तर पर स्वर्ण पदक सहित अनेक पुरस्कार प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया जावेगा।